दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 148
मुरादाबाद
(Friday)
19 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रधानमंत्री मोदी ने की नेपाल की पीएम सुशीला कार्की से बात; शांति बहाली में समर्थन का वादा दोहराया

पिछले हफ्ते नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस वजह से प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटना पड़ा था। जेनरेनशन जेड या जेन जी समूह के नेतृत्व में हुए आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राजनीतिक नेताओं के घरों, संसद सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लगा दी थी। इसके बाद कार्की ने 12 सितंबर को अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।%कार्की के कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद हुई बात यह बातचीत 8 सितंबर को हिंसक झड़पों और विरोध प्रदर्शनों की वजह से संसद भंग होने के बाद सुशीला कार्की की ओर से नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद हुई है।

इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व मुख्य रूप से जेनरेशन जेड युवा कार्यकर्ताओं ने किया था। प्रदर्शन भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और राजनीतिक अभिजात वर्ग की कथित विफलता को लेकर बढ़ती निराशा से उपजे थे। आंदोलन तत्कालीन नेपाली सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के बाद शुरू हुआ था

नेपाल में प्रदर्शन के बाद बदले हालात नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश और अब पहली महिला प्रधानमंत्री कार्की को जेनरेशन जेड के नेतृत्व वाले आंदोलन का समर्थन प्राप्त है, जिसने पिछले कुछ दिनों में देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है।

वह 5 मार्च, 2026 तक इस पद पर रहेंगी, जिसके बाद इस पद के लिए नए चुनाव होंगे, जिनका चयन निर्वाचित संसद द्वारा किया जाएगा। बीते शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी नेपाल की 73 वर्षीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद बीते शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक रूप से अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में उनके नाम का समर्थन किया। भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने भी मुलाकात की थी इससे पहले मंगलवार को नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सिंह दरबार स्थित सुशीला कार्की से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की थी। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा 'X' पर पोस्ट किए गए पोस्ट के अनुसार, बैठक के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में कार्की की नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बधाई संदेश दिया। राजदूत श्रीवास्तव ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच मैत्री और सहयोग के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

चमोली को फिर जख्मः कुदरत का कहर, घर बहे, लोग लापता, आंखों में खौफ;10 तस्वीरों में नंदानगर की तबाही का मंजर

उत्तराखंड के चमोली के नंदानगर में बुधवार रात कुदरत का कहर टूटा। भीषण बारिश और बादल फटने से गांव तबाह हो गए। मकान मलबे में दब गए, लोग लापता हैं और आंखों में डर साफ नजर आता है। रेस्क्यू टीमें मलबे में जिंदगी तलाश रही हैं।उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात बादल फटने से भारी तबाही मच गई। एक ही रात में तीन गांवों में घर, गौशालाएं, और जिंदगियां मलबे में समा गईं। अब तक 12 लोगों के लापता होने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 30 से अधिक भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं। रेस्क्यू टीमें मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटी हैं। 200 से अधिक ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। घाट तहसील के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। आपदा में अब तक 12 लोगों के लापता होने की सूचना है। इसमें सबसे अधिक प्रभावित ग्राम कुंतरी लगा फाली है, जहां 8 लोग लापता हैं और 15 से 20 भवन व गौशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। रात तीन बजे के करीब भारी बारिश के बीच लोगों के घरों पर मलबा आ गिरा।दो महिलाओं और एक बच्चे को पुलिस व डीडीआरएफ की टीमों ने मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला। इन घायलों को नंदानगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, ग्राम कुंतरी लगा सरपाणी में भी दो लोग लापता हैं और दो भवन ध्वस्त हुए हैं। यहां भी रेस्क्यू टीमों ने 100 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला। ग्राम धुर्मा में मोक्ष नदी उफान पर आ गई, जिससे दो लोग लापता हैं और करीब 10 मकानों को नुकसान पहुंचा है।बचाव कार्यों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी (गौचर 8वीं वाहिनी), डीडीआरएफ और राजस्व विभाग की टीमें जुटी हैं। लेकिन सड़कों के जगह-जगह बंद होने और भूस्खलन के कारण टीमों को घटनास्थल पर पहुंचने में देरी हो रही है। अधिकतर टीमें अब पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन से चमोली की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि लापता लोगों की खोज में कोई कोताही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और सभी राहत शिविरों में रहने, खाने, इलाज और सुरक्षा की व्यवस्था की जाए

संक्षिप्त समाचार

सपा नेता आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, क्वालिटी बार पर कब्जा मामले में जमानत मंजूर

सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बृहस्पतिवार को बड़ी राहत मिली। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह मुकदमा 2021 में राजस्व निरीक्षक की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही आजम को लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल गई है। अब वह जल्द बाहर आ सकते हैं। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामला में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 21 अगस्त को हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 21 नवंबर 2019 को क्वालिटी बार के मालिक गगन अरोड़ा की शिकायत पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने जफर अली जाफरी, आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा व बेटे अब्दुल्ला आजम को नामजद किया था। इस मुकदमे में जमानत मिलने के बाद पूर्व मंत्री आजम खां के जेल से बाहर आने की संभावना बढ़ गई है।

प्रक्रिया हाईजैक कर वोट काटे जा रहे, निशाने पर दलित और OBC, राहुल ने ज्ञानेश कुमार को भी घेरा

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज यानी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता ने मतदाताओं के नाम काटे जाने को लेकर बड़े दावे किए।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने चुनावी धांधली के आरोपों को और धार दी। राहुल गांधी ने कहा, सबसे पहले, यह हाइड्रोजन बम नहीं है, हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह इस देश के युवाओं को यह दिखाने और स्थापित करने में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली की जा रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को बचा रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर दिया है। वे उन्हें बचा रहे हैं, जिन्होंने वोट चोरी किया है। राहुल गांधी ने कहा, कर्नाटक में अलंद एक निर्वाचन क्षेत्र है। किसी ने 6018 वोटों को हटाने की कोशिश की। हमने पाया है कि महज 14 मिनट में 12 वोट डिलीट किए गए। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में अलंद में कुल कितने वोट हटाए गए। ये संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है, लेकिन कोई उन 6018 वोटों को हटाते हुए पकड़ा गया। यह संयोग से पकड़ा गया। हुआ यूं कि वहां के बूथ लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट हटा दिया गया है, तो उसने जांच की कि उसके चाचा का वोट किसने हटाया और उसने पाया कि वोट हटाने वाला एक पड़ोसी था। उसने अपने पड़ोसी से पूछा, लेकिन उन्होंने कहा कि मैंने कोई वोट नहीं हटाया। न तो वोट हटाने वाले व्यक्ति को और न ही

व्यक्ति के जरिए नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके केंद्रीकृत तरीके से किया गया। कभी दाखिल ही नहीं किया। यह आवेदन एक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके स्वचालित रूप से दाखिल किया गया। कर्नाटक के बाहर विभिन्न राज्यों के मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल अलंद में नंबरों को हटाने के लिए किया गया और यह कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाकर किया गया। %मैं यहां जो कर रहा हूं, वह मेरा काम

जिसका वोट हटाया गया था, उसे पता था। किसी और ताकत ने इस प्रक्रिया को हाईजैक कर लिया और वोट हटा दिया। वोटों को हटाने का काम किसी

राहुल गांधी ने कहा कि अलंद में मतदाताओं के नाम पर 6018 आवेदन दाखिल किए गए। जिन लोगों ने ये आवेदन दाखिल किए, उन्होंने वास्तव में इन्हें

नहीं यह पूछे जाने पर कि क्या वह अदालत या किसी उच्चतर एजेंसी का रुख करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा, सच कहूं तो, मैं यहां जो कर रहा हूं

वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते, सभी आरोप बेबुनियाद, राहुल को चुनाव आयोग का जवाब

चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए उन आरोपों को गलत और निराधार बताया, जिनमें कहा गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं।भारत के चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से हाल ही में संपन्न प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए मतदाताओं के नाम हटाने के आरोपों को गलत और निराधार बताया है। चुनाव आयोग ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि जनता की ओर से ऑनलाइन कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए चुनाव आयोग ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।भारत के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर भी राहुल के आरोपों का खंडन किया। निर्वाचन आयोग ने लिखा, लोकसभा के नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को जनता द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी बदलाव या विलोपन नहीं हो सकता है। 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे। मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकारी की ओर से स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं, 75 साल की उम्र वाले सवाल पर बोले शरद पवार

शरद पवार ने कहा कि वे 85 साल की उम्र में भी सक्रिय हैं, इसलिए उनके पास यह नैतिक अधिकार नहीं कि वे 75 साल पार नेताओं पर टिप्पणी करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष के होने पर उठी राजनीतिक बहस में पवार ने भाजपा की पुरानी नीति का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेता खुद अब इस पर साफ इनकार कर रहे हैं।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि वे 85 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और इसलिए उनके पास यह नैतिक अधिकार नहीं है कि वे यह तय करें कि 75 साल से अधिक उम्र के नेताओं को सार्वजनिक जीवन से पीछे हटना चाहिए या नहीं। पवार ने यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में 75 वर्ष के होने के बाद उठे राजनीतिक विमर्श के बीच दिया। पत्रकारों ने जब पवार से सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद सार्वजनिक जीवन से पीछे हट जाना चाहिए, जैसे कभी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ने किया था, तब उन्होंने साफ कहा कि भाजपा में अब लोग कहते हैं कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि 75 से ज्यादा उम्र वाले नेताओं को पीछे हटना चाहिए। मैं खुद 85 का

हूं, तो मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं।खुद की सक्रियता का उदाहरण- पवार ने अपनी उम्र का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने खुद 85 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा है। उनका कहना था कि जब वे खुद इस उम्र में सक्रिय हैं तो दूसरों को लेकर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। पवार का यह बयान सीधे तौर पर उस चर्चा से जुड़ा है जिसमें यह सवाल उठ रहा है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी भी भाजपा की पुरानी परंपरा के हिसाब से 75 की उम्र के बाद सक्रिय राजनीति छोड़ेंगे।भाजपा के भीतर उठे सवाल पिछले कुछ समय में भाजपा के भीतर और बाहर यह चर्चा चली कि पार्टी ने पहले एक '75 वर्ष की सीमा' तय की थी, जिसके तहत वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय भूमिका से अलग होना पड़ता था। इसी नीति के चलते लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को किनारे किया गया था। हालांकि अब भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि ऐसा कोई लिखित नियम पार्टी ने कभी नहीं बनाया। पवार ने इसी पहलू का जिक्र किया और कहा कि भाजपा के लोग खुद इस बात से इनकार करते हैं। किसानों के मुद्दे पर चिंता- पत्रकारों से बातचीत के दौरान पवार ने किसानों की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों को इस समय भारी बरसात और प्राकृतिक आपदाओं की वजह से फसलों में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। सरकार को किसानों को राहत देने के लिए अधिक समय और संसाधन जुटाने की जरूरत है। उनका कहना था कि अगर किसानों की मुश्किलें जल्द दूर नहीं की गईं तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति और खराब हो सकती है।राजनीतिक विमर्श और पवार का रुख शरद पवार का यह बयान उस समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हाल ही में मनाया गया और वे 75 वर्ष के हो गए। इस मौके पर विपक्ष ने यह सवाल उठाया कि क्या भाजपा अपनी ही नीति पर अडिग रहेगी या मोदी के लिए अलग नियम होंगे। हालांकि पवार ने इस विवाद से खुद को अलग करते हुए कहा कि उनकी उम्र उन्हें इस विषय पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं देती। उन्होंने साफ किया कि राजनीति में उम्र से ज्यादा काम करने की क्षमता और जनता की सेवा करने का जज्बा मायने रखता है।

संपादकीय Editorial

Who will drive the intruders out?

In 2016, Union Minister Kiren Rijiju had told the Parliament that about 2 crore Bangladeshis are living illegally in India. This is equal to the entire population of Australia. In 2004, the then UPA government's Minister of State for Home Affairs, Shriprakash Jaiswal had revealed that a total of 1 crore 20 lakh 53,950 illegal Bangladeshi immigrants are present in 17 states and union territories of the country. These figures were only of Bangladeshi intruders, while people have been entering India illegally from Myanmar, Nepal and other countries as well. Now in 2025, all these figures would have increased a lot! Even if we assume the basic figure to be 2 crore, then why are the intruders not being driven out of the country in that proportion? If we also worry about their human rights, then after the coming of the Modi government in 2014, on an average, the number of intruders sent back to their native country every year is very low. The pace is very slow. In fact, we are neither in favour of comparison with the actions of UPA's Manmohan government nor do we consider the campaigns of America, Britain and Europe to expel illegal immigrants from the country as examples. If Prime Minister Modi announces 'National Demography Mission' from the ramparts of Red Fort on 'Independence Day' and blames Congress for infiltration in public meetings in Assam, Bengal and Bihar, calling Congress 'protector of infiltrators', then this is not a logical solution to infiltration. This is pure politics. The Prime Minister wants to intensify polarization by doing Hindu-Muslim politics through 'nationalism versus infiltrators'. Elections are to be held in Assam and West Bengal in 2026. Elections in Bihar will be completed in just two months. Therefore, the roar against infiltrators is understandable. Of course, the demographic balance in the border districts of the country has deteriorated in many places. In many places, Muslims have become the majority and Hindus are becoming a minority. These equations are changing due to more than 50 lakh Bangladeshi and Rohingya infiltrators in Assam and more than 57 lakh in Bengal. As a result, conditions for communal riots have also been created. The Calcutta High Court's verdict can be read on the scenario of anti-Hindu riots, violent attacks, houses being destroyed in Murshidabad and Malda of Bengal. The question is what happened to the results of the NRC exercise done by the government in Assam? Why was that process suddenly stopped? Prime Minister Modi considers this demographic change a sensitive threat to national security. Our youth are losing their share of resources and employment. Women's dignity is being cheated and played with. Certainly, this seems to be a huge national problem, so it should be the primary concern, the basic concern of the Prime Minister and his government. What can the common man do in this? The common man cannot stop the imbalance of population and majority. What is the government for? The Prime Minister has all the agencies, information, police, security forces, resources, everything available, but still the Prime Minister does not inform the people of the country as to why the number of annual expulsions of infiltrators during his 11-year tenure has come down to 51? Even the figure of 300-400 is insufficient. We are not asking political questions to the Prime Minister like the opposition. We are very serious on the issue of infiltration. They can also spoil the image and balance of India's democracy. The Prime Minister should also tell the country how the mission will work? What will be its mandate? How legal will its recommendations be, and hence will they prove to be effective? If most of the infiltrators have government documents,

Take care of the elderly who are victims of neglect, Shravan Kumar is now disappearing from Indian tradition

Financial problems also increase in old age. Government servants can survive on pension but it is difficult to survive on old age pension. There are very few old age homes and day care centers in our country and most of the ones that are there are in a bad condition. The existing laws related to the protection of the elderly should be strictly implemented. There should be provision for strict punishment for those who do not follow them. Last month, the news of an elderly couple became very popular. This incident was from Mainpuri district of Uttar Pradesh, in which the elderly, troubled by the neglect and harassment of the son and daughter-in-law, jumped into the canal. To save her husband, the wife also jumped into the canal and swam for nine kilometers holding her husband's hand, but could not save him. A few days after this incident, news came from Jashpur in Chhattisgarh that a son chopped his mother into pieces with an axe. According to another news, the father, fed up with the insult and greed of his daughters, donated property worth four crore rupees to a temple. Many such incidents are happening in the society every day. Even today, Shravan Kumar is considered an ideal in Indian society. Parents wish that their son should be like Shravan Kumar, but Shravan Kumar seems to be disappearing from the Indian tradition. The poor condition of the elderly and the increasing number of old age homes are direct examples of this. This trend is increasing with time. Many laws have been made in India for the service and protection of the elderly. The central government implemented the Senior Citizens Maintenance Act for senior citizens in 2007. According to the Sample Registration System Report by the Registrar General of India, the fertility rate in the country has decreased, due to which the population of 0-14 years is decreasing and the population of people above 60 years of age is increasing at the rate of 10 percent. In view of this increasing population and the problems of the lives of the elderly, the Kerala government formed the Old Age Commission, which is a commendable step, but unfortunately all the facilities, rules and laws are limited to papers only. In the last few years, different types of cases related to the elderly have come to light. Most of these elderly were widows or widowers and were alone. God had taken away the support of the husband or wife and fate had taken away the support of the children. The children who were brought up for old age, have made it difficult for them to live in old age and that too for a little property. Unfortunately, in such incidents, when the elderly go to ask for help as per the rules, they do not get any help. In many cases, the elderly first complained to the One Stop Centre. There, dates started being given on the lines of the court. Both parties were called on the date. Tired of this, complaints were made to the Chief Minister's Grievance Cell, SDO, Collector, SP, DGP, Commissioner, Human Rights Commission, DLSA and helpline number. Information was also sent to the Directorate of Social Security, from where the District Magistrate was instructed to take action and send a report, but everything was in vain. The surprising thing is that many officers and policemen also do not know about the Senior Citizen Maintenance Act. One officer only knew that Rs. 10,000 is given as maintenance. Whereas under this, there is a provision for punishing the children, imposing fines, evicting them from the property and taking back the transferred property on complaint of misbehavior by parents, but it is hardly used. Many elderly people get broken by running around officers and police stations amid physical and financial inability and start living in depression. We should not forget that these are the same elderly people, whose stories laid the foundation of values ??in children, whose lullabies took them to fairyland in their pleasant sleep. When parents scolded, grandparents were the only refuge. The concept of nuclear family took away the support of elders from children and the roof from the elders. In the hustle and bustle, children are not able to give time to the elders, due to which loneliness and depression is increasing in them. Along with this, violent incidents are also increasing. Parents do not want to complain against their children. Even if they do so, no action is taken until some untoward incident occurs. The attitude of the administration breaks the morale of the elderly. Ultimately they are forced to go to old age homes or commit suicide. Financial problems also increase in old age. Government servants can survive on pension, but it is difficult to survive on old age pension. There are very few old age homes and day care centers in our country and most of the ones that are there are in a bad condition. The existing laws related to the protection of the elderly should be strictly implemented. There should be provision for strict punishment for those who do not follow them. Fast track courts should be formed for the elderly and they should get home service. Apart from this, there should be an initiative to protect the rights of the elderly instead of insisting on sending them to old age homes. Along with all this, it is also very important for the unconscious society to wake up.

Take care of the elderly who are victims of neglect, Shravan Kumar is now disappearing from Indian tradition

Financial problems also increase in old age. Government servants can survive on pension but it is difficult to survive on old age pension. There are very few old age homes and day care centers in our country and most of the ones that are there are in a bad condition. The existing laws related to the protection of the elderly should be strictly implemented. There should be provision for strict punishment for those who do not follow them. Last month, the news of an elderly couple became very popular. This incident was from Mainpuri district of Uttar Pradesh, in which the elderly, troubled by the neglect and harassment of the son and daughter-in-law, jumped into the canal. To save her husband, the wife also jumped into the canal and swam for nine kilometers holding her husband's hand, but could not save him. A few days after this incident, news came from Jashpur in Chhattisgarh that a son chopped his mother into pieces with an axe. According to another news, the father, fed up with the insult and greed of his daughters, donated property worth four crore rupees to a temple. Many such incidents are happening in the society every day.

Even today, Shravan Kumar is considered an ideal in Indian society. Parents wish that their son should be like Shravan Kumar, but Shravan Kumar seems to be disappearing from the Indian tradition. The poor condition of the elderly and the increasing number of old age homes are direct examples of this. This trend is increasing with time. Many laws have been made in India for the service and protection of the elderly. The central government implemented the Senior Citizens Maintenance Act for senior citizens in 2007. According to the Sample Registration System Report by the Registrar General of India, the fertility rate in the country has decreased, due to which the population of 0-14 years is decreasing and the population of people above 60 years of age is increasing at the rate of 10 percent. In view of this increasing population and the problems of the lives of the elderly, the Kerala government formed the Old Age Commission, which is a commendable step, but unfortunately all the facilities, rules and laws are limited to papers only. In the last few years, different types of cases related to the elderly have come to light.

Most of these elderly were widows or widowers and were alone. God had taken away the support of the husband or wife and fate had taken away the support of the children. The children who were brought up for old age, have made it difficult for them to live in old age and that too for a little property. Unfortunately, in such incidents, when the elderly go to ask for help as per the rules, they do not get any help. In many cases, the elderly first complained to the One Stop Centre. There, dates started being given on the lines of the court. Both parties were called on the date. Tired of this, complaints were made to the Chief Minister's Grievance Cell, SDO, Collector, SP, DGP, Commissioner, Human Rights Commission, DLSA and helpline number. Information was also sent to the Directorate of Social Security, from where the District Magistrate was instructed to take action and send a report, but everything was in vain. The surprising thing is that many officers and policemen also do not know about the Senior Citizen Maintenance Act. One officer only knew that maintenance of Rs 10,000 is given. Whereas under this, there is a provision for punishing the children, imposing fines, evicting them from the property and taking back the transferred property on complaint of misbehavior by parents, but it is hardly used. Many elderly people get broken by running around officers and police stations amid physical and financial inability and start living in depression. We should not forget that these are the same elderly people, whose stories laid the foundation of values ??in children, whose lullabies took them to fairyland in their pleasant sleep. When parents scolded, grandparents were the only refuge. The concept of nuclear family took away the support of elders from children and the roof from the elders. In the hustle and bustle, children are not able to give time to the elders, due to which loneliness and depression is increasing in them. Along with this, violent incidents are also increasing. Parents do not want to complain against their children. Even if they do so, no action is taken until some untoward incident occurs. The attitude of the administration breaks the morale of the elderly. Ultimately they are forced to go to old age homes or commit suicide. Financial problems also increase in old age. Government servants can survive on pension, but it is difficult to survive on old age pension. There are very few old age homes and day care centers in our country and most of the ones that are there are in a bad condition. The existing laws related to the protection of the elderly should be strictly implemented. There should be provision for strict punishment for those who do not follow them. Fast track courts should be formed for the elderly and they should get home service. Apart from this, there should be an initiative to protect the rights of the elderly instead of insisting on sending them to old age homes. Along with all this, it is also very important for the unconscious society to wake up.

मुंडिया जैन में हर ओर छाया मातम: दंपती, बहू समेत छह लोगों की चिताएं एक साथ जलीं... हर आंख हुई नम; उमड़ा हुजूम

बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस प्रशासन के अधिकारी सभी छह मजदूरों के शव विशेष वाहन से लेकर मुंडिया जैन गांव पहुंचे। उससे पहले ही मजदूरों के घरों के बाहर भारी भीड़ जमा हो

गई थी। हरचरन, उनकी पत्नी सोनवती और बहू रीना के शव घर के आंगन में एक ही लाइन में रखे हुए थे।मुंडिया जैन गांव में बुधवार सुबह 10 बजे दंपती, बहू समेत छह लोगों की चिताएं एक साथ जलीं तो हर आंख नम हो गई। इस दौरान बारिश भी हुई लेकिन श्मशान से भीड़ कम नहीं हुई। बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।देहरादून में मंगलवार सुबह बादल फटने से आसन नदी में बाढ़ आ जाने और पानी के तेज बहाव में ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठे 14 मजदूर बह गए थे। इनमें मुंडिया जैन गांव निवासी हरचरन, मदन, नरेश, सोमवती, रीना और किरन की मौत हो गई थी जबकि उनके साथ पानी में बहे तीन मजदूर राजकुमार, होराम और संदरी अभी लापता हैं।बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस प्रशासन के अधिकारी सभी छह मजदूरों के शव विशेष वाहन से लेकर मुंडिया जैन गांव पहुंचे। उससे पहले ही मजदूरों के घरों के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई थी। हरचरन, उनकी पत्नी सोनवती और बहू रीना के शव घर के आंगन में एक ही लाइन में रखे हुए थे। तीनों के शव के पास बैठीं रिश्तेदार महिलाओं के आंसू रुक नहीं पा रहे थे। जैसे ही ग्रामीणों ने शवों के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू की तभी बारिश होने लगी। सबसे पहले ग्रामीण मदन सैनी के शव को लेकर श्मशान की ओर पहुंचे। बाद में रीना और किरन के शव को उनके घर से लेकर श्मशान लाया गया।मुंडिया जैन की आबादी के बीच में स्थित हरचरन के घर से जब तीनों शव अंतिम संस्कार के लिए एक साथ उठाए गए तब सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। हरचरन के बेटे और अन्य रिश्तेदारों को ग्रामीण ढाढ़स बंधाते नजर आए। दस बजे तक श्मशान में सभी छह शव पहुंचाए गए तब चारों तरफ से लोगों की भारी भीड़ पहुंच गई। एक साथ छह चिताएं चलीं तो हर आंख नम हो गईं। लोग मृतकों के परिजनों को शमशान घाट तक सहारा देते नजर आए।घायल मजदूर अमरपाल को मुरादाबाद के अस्पताल में कराया भर्ती मुंडिया जैन गांव निवासी मजदूर अमरपाल मंगलवार सुबह देहरादून की आसन नदी में आई बाढ़ में ट्रैक्टर-ट्रॉली बह जाने के दौरान घायल हो गया था। अमरपाल समेत उसके गांव मुंडिया जैन के कुल 11 लोग नदी के तेज बहाव में बह गए थे। छह की मौत हो जाने के अलावा तीन बह गए थे और दो पेड़ का सहारा मिल जाने पर बच गए थे। बचे मजदूरों में अमरपाल और अमन शामिल है। इस दौरान अमरपाल को काफी चोटें आई थीं। बुधवार सुबह घायल अमरपाल को उसके परिजन देहरादून से मुंडिया जैन गांव ले आए थे। यहां एसडीएम के निर्देश पर सीएचसी बिलारी के कित्साधीक्षक डा. राजपाल सिंह एम्बुलेंस लेकर मुंडिया जैन गांव पहुंचे। यहां से मजदूर अमरपाल को अपने साथ ले जाकर मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सीएमओ और डिप्टी सीएमओ भी मजदूर का हाल लेने अस्पताल पहुंचे।

मुरादाबाद से हवाई सेवा बंद, कब शुरू होगी पता नहीं, एयरपोर्ट विस्तार के लिए 500 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

मुरादाबाद से लखनऊ के लिए शुरू की गई हवाई सेवा ठप है। इसका संचालन कब से होगा इसकी किसी को जानकारी नहीं है। उधर, एयरपोर्ट के विस्तार के लिए करीब 500 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने की तैयारी की जा रही है। मुरादाबाद से हवाई सफर की बात हवा-हवाई साबित हो रही है। एयरपोर्ट शुरू होने के बावजूद नवंबर 2024 से फ्लाइट का संचालन बंद है। इसे जुलाई 2025 में शुरू किया जाना था लेकिन अब एयरपोर्ट का विस्तार होने से पहले उड़ानें मुश्किल हैं। निजी कंपनी के विमान नहीं है और सर्दियों में कोहरे के कारण रनवे पर लैंडिंग नहीं हो सकती। पिछले साल कोहरे का हवाला

देकर फ्लाइट बंद की गई थीं। रनवे पर अत्याधुनिक लाइटों के अभाव में विमानों की लैंडिंग नहीं हो पा रही थी। मार्च 2025 में दोबारा फ्लाइट शुरू का दावा भी फुस्स रहा। इसके बाद लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार के कारण जुलाई तक ब्रेक लगा।अब जुलाई को खत्म हुए भी 48 दिन बीत चुके हैं लेकिन विमानन सेवा प्रदाता कंपनी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया फ्लाइट चालू होने की तिथि नहीं बता पा रहे हैं। मुरादाबाद से सिर्फ 19 सीटर विमान का संचालन लखनऊ के लिए हो रहा था। लोगों की डिमांड भी लगातार एएआई को मिली लेकिन कंपनी के पास जहाजों की कमी और रनवे का अत्याधुनिक न होना लोगों के लिए लंबे इंतजार का सबब बन रहा है। एयरपोर्ट पर तैनात एएआई के सलाहकार कृपाल सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तार के लिए करीब 500 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। फिलहाल उड़ान शुरू करने का कोई अपडेट नहीं है। हवाई अड्डे पर मनाया गया यात्री सेवा दिवस - हवाई अड्डे पर बुधवार को यात्री सेवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कर्मचारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढ़ापांडे में रक्तदान शिविर में भागीदारी की। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, उन्हें पुरस्कार भी दिए गए। विद्यार्थियों को एयरपोर्ट का भ्रमण कराया गया। पौधरोपण किया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर अमरजीत सिंह ने कहा कि हवाई अड्डा प्रशासन यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज और पर्यावरण के लिए जिम्मेदारी निभाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर सीएनएस कंपनी के प्रबंधक अनुराग सिंह, सहायक प्रबंधक परिचालन राजीव कुमार, अजय कुमार सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

संभल में तैनात अनुज चौधरी फिरोजाबाद में संभालेंगे जिम्मेदारी, हिंसा के बाद आए थे चर्चा में

संभल में तैनात एएसपी राजेश श्रीवास्तव और अनुज चौधरी का तबादला कर दिया गया है। हिंसा के बाद चर्चा में आए चौधरी को फिरोजाबाद भेजा गया है। चंदौसी सीओ की जिम्मेदारी निभा रहे चौधरी का पिछले दिनों ही एएसपी के पद पर प्रमोशन हुआ था।संभल जिले के एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव और चंदौसी सीओ की जिम्मेदारी संभाल रहे एएसपी अनुज चौधरी का तबादला हो गया है। बुधवार को शासन की ओर से आदेश जारी किया गया। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान चर्चा में आए संभल के तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी का पिछले दिनों ही एएसपी के पद पर प्रमोशन हुआ था। एसपी ने चंदौसी सीओ की जिम्मेदारी सौंपी हुई थी। अब उनको शासन ने जिला फिरोजाबाद में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की जिम्मेदारी दी है। राजेश कुमार श्रीवास्तव सीतापुर में केंद्रीय आयुध भंडार के एएसपी बनाए गए हैं। कुलदीप सिंह को संभल एएसपी (उत्तरी) कई पुलिसकर्मियों पर बवाल के दौरान लोगों की जान गई थी। लेकिन एसआईटी शारिक साठा के गुर्गों ने चलाई थी। जिसमें मामले दर्ज किए गए थे। पांचवें मृतक के खाक कर दिया था। इस बवाल के बाद कमेटी की बैठक के दौरान उन्होंने बयान होली एक बार मनाई जाती है। इसलिए में रहे। इस बयान को लेकर भी राजनीतिक एडिशनल एसपी व 13 डिप्टी एसपी के पीपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया, एसपी बने करीब डेढ़ दर्जन अधिकारियों अनुज कुमार चौधरी को एएसपी रैंक में गोरखपुर में एएसपी सुरक्षा अनुराग सिंह

प्रयागराज कमिश्नरेट के अपर पुलिस उपायुक्त की कमान शासन ने दी है।अनुज चौधरी समेत गोली चलाने का आरोप लगा था, जिसमें पांच की छानबीन में स्पष्ट हुआ कि गोली भीड़ से ही पांच लोगों की जान गई और चार हत्या के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के सुपुर्द ए काफी चर्चा में रहे थे। संभल कोतवाली में पीस दिया था कि साल में 52 जुमे आते हैं और जिन लोगों को रंग से परहेज है वह अपने घरों गलियारों में तरह-तरह से चर्चा हुई थी। 43 तबादले डीजीपी मुख्यालय ने बुधवार को 56 जिसमें हाल ही में डिप्टी एसपी से एडिशनल को नई तैनाती प्रदान की है। संभल में तैनात प्रोन्नत होने के बाद फिरोजाबाद भेजा गया है। को रामपुर भेजा गया है। डीजीपी मुख्यालय की सोशल मीडिया सेल में तैनात संतोष कुमार द्वितीय को भी प्रोन्नत होने के बाद गोरखपुर में एएसपी सुरक्षा बनाया गया है। आदेश के मुताबिक झांसी के एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को अमेठी, डीजीपी मुख्यालय की स्थापना शाखा में तैनात रंजन सिंह को डीजीपी मुख्यालय में एएसपी क्राइम, बरेली में एएसपी एलआईयू गोपी नाथ सोनी को लखनऊ कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त, एलआईयू अयोध्या में तैनात राम अर्ज को पीटीएस जालौन, सीआईडी मुख्यालय में तैनात विशाल यादव को लॉजिस्टिक मुख्यालय, नोएडा कमिश्नरेट में तैनात मनीष कुमार मिश्रा को मिर्जापुर में नक्सल ऑपरेशन, मुरादाबाद स्थित 9वीं वाहिनी पीएसी में तैनात बंशराज सिंह यादव को सीआईडी मुख्यालय भेजा गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में तैनात कुलदीप सिंह प्रथम को संभल में एएसपी उत्तरी, अलीगढ़ स्थित 38वीं वाहिनी पीएसी में तैनात राजकुमार द्वितीय को 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, खीरी में एएसपी पश्चिमी प्रकाश कुमार को बिजनौर में एएसपी ग्रामीण, प्रयागराज पीएसी में तैनात अनित कुमार को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, सीआईडी गोरखपुर की सेक्टर ऑफिसर रचना मिश्रा को पीटीएस गोरखपुर, वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात सुशील कुमार गंगा प्रसाद को कासगंज, संभल में एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव को केंद्रीय आयुध भंडार में तैनाती दी गई है। , मेरठ में एएसपी ग्रामीण राकेश कुमार मिश्रा को पुलिस मुख्यालय, आगरा कमिश्नरेट में एएसपी ट्रैफिक अमिता सिंह को यूपी 112 मुख्यालय, साइबर क्राइम मुख्यालय में तैनात श्वेताभ पांडेय को ईओडब्ल्यू मुख्यालय, लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात पंकज कुमार सिंह को 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़, कासगंज में तैनात राजेश कुमार भारतीय को पीटीसी सीतापुर, भर्ती बोर्ड में तैनात मोनिका चड्ढा को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, यूपीपीसीएल में तैनात अंकिता सिंह को भर्ती बोर्ड, सोनभद्र पीएसी में तैनात विजय आनंद को प्रयागराज कमिश्नरेट और प्रयागराज कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त जंग बहादुर यादव को वाराणसी कमिश्नरेट भेजा गया है। प्रोन्नत होने वालों को मिली तैनाती सोनभद्र स्थित 48वीं वाहिनी पीएसी में तैनात विजय प्रताप यादव-प्रथम को वहीं उपसेनानायक बना दिया गया है। एससीआरबी में तैनात शीतांशु कुमार को पीएसी मुख्यालय, डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध अभिषेक यादव को अयोध्या में 8वीं वाहिनी एसएसएफ, एटा में तैनात अमित कुमार राय को खीरी में एएसपी पश्चिमी, आगरा कमिश्नरेट में तैनात आनंद कुमार पांडेय को देवरिया में एएसपी उत्तरी बनाकर भेजा गया है। एटीएस में तैनात अभिषेक सिंह को एएसपी बना दिया गया है। कानपुर स्थित केंद्रीय वस्त्र भंडार में तैनात प्रभात कुमार द्वितीय को सीआईडी मुख्यालय भेजा गया है। श्यामकांत को बलिया की जगह बस्ती और बृजनंदन राय को बलरामपुर की जगह प्रतापगढ़ में एएसपी बनाकर भेजा गया है। एसटीएफ में तैनात संजीव कुमार दीक्षित को एएसपी बना दिया गया है। फतेहपुर में तैनात कृष्ण गोपाल सिंह को बिजनौर में एएसपी सिटी बनाया गया है। सीतापुर में तैनात दिनेश कुमार शुक्ला को बलिया में एएसपी उत्तरी बनाया गया है। कासगंज में तैनात संतोष कुमार तृतीय को नोएडा में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। पीटीसी सीतापुर में तैनात राजकुमार पांडेय को गोरखपुर में एएसपी ट्रैफिक बनाया गया है। रेलवे झांसी में तैनात सोहराब आलम को केंद्रीय वस्त्र भंडार भेजा गया है। एलआईयू मेरठ में तैनात प्रीति सिंह को झांसी में एएसपी सिटी बनाया गया है। नोएडा कमिश्नरेट में तैनात बाबा साहब वीर कुमार को वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। 13 डिप्टी एसपी इधर से उधर इसके अलावा 13 डिप्टी एसपी का भी तबादला किया गया है। गोरखपुर पीटीएस में तैनात प्रिता को आगरा कमिश्नरेट भेजा गया है। इसी तरह पंकज लवानिया को प्रयागराज कमिश्नरेट से मेरठ और वरुण कुमार को मुरादाबाद भेजा गया है। शैलेंद्र सिंह को एलआईयू अयोध्या से आगरा कमिश्नरेट भेजा गया है। कुंभ मेला में तैनात रामकृष्ण चतुर्वेदी को सुल्तानपुर, आभा सिंह को देवरिया से गोरखपुर, अब्दुल सलाम खान को सुल्तानपुर से प्रयागराज कमिश्नरेट, प्रशांत सिंह को सुल्तानपुर से गोरखपुर, सैयद अरीब अहमद को आगरा कमिश्नरेट से लखनऊ कमिश्नरेट, संजय कुमार जायसवाल को मेरठ से चित्रकूट, श्वेता कुमारी को कानपुर कमिश्नरेट से गाजियाबाद, अजय कुमार सिंह को गाजियाबाद से अयोध्या और हेमंत कुमार को आगरा कमिश्नरेट से शामली भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

करोड़ों का कारोबार..कमाई लाखों में दिखाई, चार जिलों में राज्यकर विभाग का छापा, ग्राहकों की एंट्री तक जांची

राज्यकर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा ने मुरादाबाद, बरेली, रामपुर और बिजनौर में नौ ब्यूटी पार्लरों व मेकअप सामान विक्रेताओं पर छापेमारी की। इनमें से छह स्थान मुरादाबाद के हैं। आरोप है कि करोड़ों का कारोबार होने के बावजूद कारोबारी लाखों में ही आय दिखाते थे।करोड़ों का कारोबार करने के बावजूद लाखों में कमाई दिखाने वाले ब्यूटी पार्लरों पर राज्यकर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की ओर से छापे मारे गए। मुरादाबाद, बरेली, रामपुर और बिजनौर में नौ स्थानों पर कार्रवाई हुई। इसमें मुरादाबाद शहर के छह स्थान शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई का बृहस्पतिवार तक आकलन हो पाएगा। शहर के कई ब्यूटी पार्लरों पर ग्राहकों से पैकेज के नाम पर मोटी कमाई की जाती है। इसके अलावा मेकअप सामान विक्रेता भी ब्रांडेड सामान बताकर अच्छी बिक्री करते हैं।कई ब्यूटी पार्लर पर युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने के नाम पर लाखों की फीस वसूली जा रही है। करोड़ों के कारोबार के बावजूद ब्यूटी पार्लर संचालक और मेकअप सामान विक्रेता आय लाखों में ही दिखाते हैं। पिछले दो महीने से राज्यकर के अधिकारी इनकी निगरानी कर रहे थे। वहां पर आने वाले ग्राहकों और बिलिंग के आधार पर उन्होंने कारोबार का आकलन किया और फिर बुधवार को छापे मारे। इसमें रामगंगा विहार सहित कांठ रोड पर तीन जगह, दिल्ली रोड, गांधी नगर और बुद्धि विहार में कार्रवाई हुई। ग्राहकों की एंट्री से लेकर बिल तक जांचे- इसके अलावा बिजनौर, बरेली और रामपुर में भी कार्रवाई हुई। इस कार्रवाई के लिए राज्यकर विभाग के 32 अधिकारी लगाए गए थे। अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान ग्राहकों की एंट्री से लेकर बिलिंग तक की बारीकी से जांच की। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई में आय और कर जमा करने में बड़ा अंतर देखने को मिला है। अफसरों ने बताया कि इन कारोबारियों के यहां पर जीएसटी चोरी की जांच की जा रही है। सभी के ई वे बिल और आईटीसी का ब्योरा इकट्ठा किया जा रहा है। आशंका है कि कारोबारियों ने करोड़ों की जीएसटी चोरी की है। देर रात तक कार्रवाई जारी रहने की वजह से पूरा विवरण नहीं मिल सका है। नौ जगहों पर कार्रवाई हुई है। बुधवार को पूरा विवरण नहीं मिल सका है, क्योंकि जांच जारी है। बृहस्पतिवार को जांच करने के बाद जीएसटी चोरी की जानकारी मिल पाएगी। - अशोक कुमार सिंह, अपर आयुक्त, ग्रेड वन, राज्य कर विभाग

तमंचे की नोक पर किया युवती का अपहरण, एसएसपी के आदेश पर FIR

मुरादाबाद- भोजपुर थाना क्षेत्र के नेकपुर गांव निवासी युवक ने सिविल लाइंस क्षेत्र से बेटी के अपहरण की शिकायत एसएसपी सतपाल अंतिल से की है। शिकायत पर एसएसपी ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए, जिसके बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना भोजपुर क्षेत्र गांव नेकपुर निवासी युवक ने एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी उसकी बहन के घर रहती है। पीड़ित पिता के अनुसार बीती 15 सितंबर के उसकी बहन ने उसे फोन पर जानकारी दी कि उसकी बेटी को गांव में रहने वाला मनेश कश्यप तमंचे के बल पर जबरदस्ती उठाकर ले गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी मनेश दबंग व बदमाश किस्म का व्यक्ति है। पीड़ित के अनुसार वह उसी समय थाने में रिपोर्ट लिखवाने गया था, लेकिन पुलिस ने उसकी सुनवाई नहीं है। जिसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को एफआईआर के आदेश दिए। इस संबंध में सिविल लाइंस थाना के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

डॉक्टर ने प्रेमिका को इंजेक्शन लगाकर किया बेहोश निर्वस्त्र कर हाईवे पर फेंका

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली में एक शादीशुदा डॉक्टर ने अपनी प्रेमिका के साथ ऐसी बर्बरता की, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। डॉक्टर ने युवती को तीन इंजेक्शन लगाकर बेहोश किया, फिर चेहरे और शरीर पर धारदार हथियार से कई गहरे प्रहार किए और निर्वस्त्र कर दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर फेंक दिया। उसकी योजना थी कि युवती किसी वाहन से कुचलकर मारी जाएगी और यह सड़क हादसा लगेगा। लेकिन किस्मत से समय रहते ग्रामीणों ने लहूलुहान युवती को देखा और पुलिस को सूचना दे दी। बदायूं निवासी युवती ने पांच साल पहले बरेली के मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद वह बीसलपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करने लगी। वहीं उसकी मुलाकात एक बीएएमएस डॉक्टर से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर युवती को अपने जाल में फंसा लिया। बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। इसी वजह से दोनों में कलह शुरू हो गई थी।

दीपू कश्यप एवं अंजलि ने स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक जीतकर बरेली का किया नाम रोशन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर में पिछले 26 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र एवं जरूरतमंद बच्चों को फ्री कोचिंग दे रहे अंतर्राष्ट्रीय एथलीट एवं एन.आई.एस. कोच अजय कश्यप, उनके प्रशिक्षण में दीपू कश्यप और अंजलि सिंह ने स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के क्वालीफाई मार्क को पार किया है। 14 से 16 सितंबर तक प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में आयोजित स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में पदक जीत का बरेली शहर का नाम रोशन किया है। 20 वर्ष आयु वर्ग में 400 मी बालिका बाधा दौड़ में दीपू कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही अंडर 23 वर्ष आयु वर्ग में अंजली सिंह ने 400 मीटर बालिका बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। दोनों ही खिलाड़ियों की पारिवारिक आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक है। अंजलि के पिता एक ड्राइवर हैं और दीपू के पिता हलवाई का काम करते हैं। दोनों खिलाड़ियों का सपना है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर अपने देश का और कोच का नाम रोशन करें। इसके लिए वह नियमित रूप से पिछले 4 साल से बहुत अनुभवी रेलवे कोच अजय कश्यप से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम, रोड संख्या 2, इज्जतनगर पर निःशुल्क प्रशिक्षण ले रही हैं। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता और लगन को देखकर रेलवे क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक डा. रत्नेश सिंह एवं मंडल क्रीड़ा सचिव गीता शर्मा, जिला सचिव गजेंद्र तोमर आदि सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों कंठ मुक्त से प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की।

महाद्वदशी के पावन दिन पर श्रीभक्तमाल कथा के पंचम दिवस गोवर्धन पूजा 56 भोग लगा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। हरि मंदिर में पावन पित्र पक्ष और पावन महाद्वदशी के दिन दिनांक 18 सितंबर 25 को भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी के पावन धाम पर बरेली वालो ने पंचम दिवस श्रीमद्भगवत कथा एवं भजन संध्या के माध्यम से अपनी अपनी हाजरी लगाई। प्रातः के सत्र में प्रभु श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी की असीम कृपा से उन्हीं के धाम में आज श्रीमद्भागवत महाप्रभु श्री जगन्नाथ धाम मंदिर तक हुई जिसमें श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री मधुर कृष्ण के पावन सानिध्य में उनके श्रीमुख से हुई कथा का एवं भगवान श्री जगन्नाथ भगवान की।महिमा वा भक्तमाल कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कथा में आज भगवान श्री कृष्ण 56 भोग का प्रसाद लगाया गया। सभी भक्तों में टॉफी, खिलौनों, उपहार आधी।से ठाकुर जी को रिझाया गया।कथा व्यास श्री मधुर कृष्ण शास्त्री जी ने गोवर्धन पूजा का महत्व और पूजा विधि भक्तजनों को बताई। शाम के सत्र में पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री महाराज जी ने भगवान जगन्नाथ महा प्रभु की भक्तमाल कथा का गुणगान किया और भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की लीलालो का वर्णन किया। कथा के विश्राम।के उपरांत में श्री वृंदावन धाम से पधारे पूज्य पारस लाडला वा माधुरी शर्मा जी वा दिल्ली के महावीर शर्मा के संकीर्तन का लाभ भक्तजनों को मिला। कथा के मुख्य यजमान सुशील अरोड़ा,मनोज अरोड़ा,कंचन अरोड़ा,विमी अरोरा को मुख्य यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बरेली से रवि छाबड़ा,सुशील अरोरा,मनोज अरोड़ा,संजय आनन्द,गोविंद तनेजा ,अनिल ग्रोवर, अवधेश अग्रवाल,दीपक अरोरा, नवीन अरोड़ा,अनिल अरोरा वा अन्य को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर भी सभी भक्तजनों को श्री वृंदावन धाम से पधारे श्री पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज, भजन सम्राट श्री पारस लाडला,माधुरी शर्मा,एवं दिल्ली से पधारे पूज्य महावीर शर्मा का भी सत्संज एवं भजन संध्या का लाभ प्राप्त हुआ। भगवान श्री जगन्नाथ जी के पावन धाम में 14सितंबर से 20 सितंबर प्रत्येक दिन प्रातः के सत्र में श्री भक्तमाल कथा एवं शाम के सत्र में भजन संध्या का लाभ सभी को मिलेगी.

अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले शूटर बरेली के होटलों में ठहरे थे

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग के मामले में मुठभेड़ में दो शूटरों के मारे जाने के बाद पुलिस की जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि इस घटना में कुल चार शूटर शामिल थे। ये सभी 10 सितंबर को ही बरेली आ गए थे। इनमें मुख्य शूटर रविंद्र पुराने रोडवेज के पास होटल प्रीत पैलेस में ठहरा था, जबकि बाकी तीन शूटर बरेली जंक्शन के पास स्थित हिंद होटल में रुके थे। चारों ने पहले रेकी की और उसके बाद फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि 11 सितंबर की तड़के सुबह अभिनेत्री के घर फायरिंग करने के बाद चारों आरोपी रामपुर भी पहुंचे और वहां एक होटल में ठहरे। बरेली में इन्होंने अपनी असली आईडी से होटल में कमरा लिया था, जबकि रामपुर में फर्जी आईडी का इस्तेमाल किया। इसी वजह से शुरू में पुलिस को ऐसा लगा कि इस वारदात में आठ लोग शामिल हैं, लेकिन आगे की जांच में साफ हो गया कि यह वही चार शूटर थे जो अलग-अलग नामों से होटल में रुके थे। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि 11 सितंबर को नकुल और विजय सबसे पहले फायरिंग करने गए थे, लेकिन वे दिशा पाटनी का सही घर पहचान नहीं पाए और गलती से दूसरी जगह गोली चला कर लौट आए। जब उस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो अगली सुबह 12 सितंबर को रविंद्र और अरुण ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि बाइक अरुण चला रहा था और रविंद्र ने गोली चलाई।होटल में फर्जी आईडी से ठहरने की वजह से पुलिस को शुरुआत में भ्रम हुआ, लेकिन होटल और रास्तों की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद सच्चाई सामने आ गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि करीब ढाई हजार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। कई फुटेज में आरोपी बेखौफ घूमते नजर आए। इसके बाद उनकी लोकेशन ट्रेस करने का जिम्मा एसटीएफ ने उठाया। बुधवार शाम यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में गाजियाबाद की ट्रॉनिका सिटी में रविंद्र और अरुण मुठभेड़ में ढेर कर दिए गए। वहीं, बागपत के नकुल और विजय अब भी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। एसएसपी के मुताबिक, 11 सितंबर की सुबह सबसे पहले नकुल ने सुपर स्प्लेंडर बाइक पर आकर फायरिंग की थी, जबकि बाइक विजय चला रहा था। पुलिस ने इन दोनों को भी ट्रेस कर लिया है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बरेली में ढह रहा समाजवादी किला , डॉ. मोहम्मद फाज़िल मंसूरी ने छोड़ा सपा का साथ, थामा चंद्रशेखर आज़ाद का हाथ

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली- बरेली की राजनीति में भूचाल मचाते हुए आला हजरत हॉस्पिटल के मालिक और जाने-माने समाजसेवी डॉ. मोहम्मद फाज़िल मंसूरी ने बुधवार को समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर भीम आर्मी-आज़ाद समाज पार्टी ज्वाइन कर ली। शाम को आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद आला हजरत हॉस्पिटल पहुँचे और डॉ. मंसूरी को नीला पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप भार्गव, आसपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील चितौड़, प्रदेश महासचिव एडवोकेट विकास बाबू, प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट अच्छन अंसारी और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. फाज़िल मंसूरी के जुड़ने से बरेली में समाजवादी पार्टी की पकड़ लगातार कमजोर होती नज़र आ रही है। उनकी मुस्लिम समाज में लोकप्रिय समाजसेवी छवि और जनसमर्थन अब पूरी तरह भीम आर्मी-आज़ाद समाज पार्टी के पाले में आ गया है। चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा- बरेली में आजाद समाज पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। डॉ. फाज़िल मंसूरी जैसे कद्दावर समाजसेवी का साथ मिलना हमारे आंदोलन को ऐतिहासिक मजबूती देगा। बरेली में उमड़े जनसैलाब और डॉ. फाजिल मंसूरी की ज्वाइनिंग ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले चुनावों में भीम आर्मी-आज़ाद समाज पार्टी समाजवादी पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनने जा रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

छात्र का नीट में चयन, शिक्षकों ने दी बधाई

